पंजाब केसरी 01/10/24

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

भाषण कला सीखना हर विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 30 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अंग्रेजी, हिन्दी, पंजाबी, संस्कृत विभाग एवं लैंग्वेज लैब के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकायों से विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी प्रतिभागियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भाषण वह विधा है, जिसके द्वारा व्यक्ति अपने भावों एवं विचारों को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि भाषण कला सीखना हर विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके द्वारा वह एक अच्छा वक्ता बनता है और अपने भाषण में अपने एवं श्रोताओं के बीच तालमेल बैठाने की कला सीख कर श्रोताओं तक अपनी बात को अच्छे तरीके से रख पाता है।

इससे पूर्व, डा. ज्योति सौरोत ने विद्यार्थियों को भाषण कला की विभिन्न विशेषताओं से अवगत करवाया। इस प्रतियोगिता में प्रो. उपिंदर कौर, प्रो. कमलेश कुमारी और डा. रितु गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का सुचारू रूप से संचालन करने में संस्कृत विभाग से प्रो. प्रियंका, पंजाबी विभाग से डा. जसवीर कौर, अंग्रेजी विभाग से डा. ज्योति सौरोत, डा. अंशु चौधरी एवं डा. नीरा तथा हिन्दी विभाग से डा. रितु गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।